चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| सिटी पल्स न्यूज | 13.06.2026 | ----- | ---- |


# हकृवि व जॉन डियर इंडिया के बीच हुआ एमओयू

सिटी पल्स न्यूज, हिसार। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय और जॉन डियर इंडिया प्राइवेट लिमिटेड (जेडीआईपीएल) पुणे के बीच कृषि यंत्रीकरण एवं उन्नत कृषि तकनीकों के क्षेत्र में सहयोग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण समझौता हुआ है। इसमें जॉन डियर इंडिया प्राइवेट लिमिटेड की तरफ से सुपरवाइजर आलोक रंजन तथा विश्वविद्यालय की ओर से अनुसंधान निदेशक डॉ राजबीर गर्ग ने हस्ताक्षर किए।



समझौते के दौरान कुलसचिव एवं अन्य

कुलसचिव डॉ. पवन कुमार ने बताया कि इस समझौते से कृषि अनुसंधान, यंत्रीकरण तथा प्रायोगिक खेती को नई दिशा मिलेगी। विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों एवं विद्यार्थियों को अत्याधुनिक कृषि मशीनों के प्रदर्शन एवं परीक्षण के अवसर प्राप्त होंगे । यह पहल कृषि क्षेत्र में नवाचार एवं तकनीकी विकास को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगी।

अनुसंधान निदेशक डॉ राजबीर गर्ग ने बताया कि इस समझौते के तहत जॉन डियर इंडिया प्राइवेट लिमिटेड विश्वविद्यालय के रामधन सिंह बीज फार्म में विभिन्न कृषि कार्यों जैसे हैरोइंग, कल्टीवेशन, प्लैंकिंग, मेड़ निर्माण तथा अन्य कृषि संचालन परीक्षण आधार पर संपन्न करेगी। कंपनी इन कार्यों के लिए ट्रैक्टर एवं आवश्यक बैकअप ट्रैक्टर निःशुल्क उपलब्ध कराएगी तथा उनके रखरखाव, मरम्मत, बीमा एवं अन्य तकनीकी आवश्यकताओं की जिम्मेदारी भी वहन करेगी। समझौते के अनुसार विश्वविद्यालय द्वारा कृषि कार्यों हेतु आवश्यक ईंधन उपलब्ध कराया जाएगा, जबकि कंपनी ट्रैक्टर चालकों, स्पेयर पार्ट्स तथा तकनीकी सहायता की व्यवस्था करेगी। विश्वविद्यालय ट्रैक्टरों एवं कृषि यंत्रों के लिए पार्किंग, कार्यशाला एवं भंडारण की सुविधा उपलब्ध कराएगा।

कंपनी के सुपरवाइजर आलोक रंजन ने बताया कि यह अमेरिका की कंपनी है और भारत में इसका मुख्यालय पूणे में है। कंपनी द्वारा जॉन डियर ट्रेक्टर का निर्माण किया जाता है। निदेशक-कम-नियंत्रण अधिकारी डॉ. संजय ठकराल ने बताया कि समझौते का मुख्य उद्देश्य कृषि यंत्रीकरण के क्षेत्र में नवीन तकनीकों का परीक्षण, प्रदर्शन एवं मूल्यांकन करना है, जिससे कृषि कार्यों की दक्षता बढ़ाने के साथ-साथ किसानों को आधुनिक कृषि मशीनरी के लाभों से अवगत कराया जा सके।

इस अवसर पर मानव संसाधन प्रबंधन निदेशक डॉ. रमेश यादव, मीडिया एडवाइजर डॉ. संदीप आर्य, डॉ. योगेश जिंदल व कंपनी के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक जागरण | 14-6-26 | 01 | 5-8 |

## हकृवि और जान डियर इंडिया के बीच हुआ महत्वपूर्ण समझौता

जागरण संवाददाता • हिसार : चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय और जान डियर इंडिया प्राइवेट लिमिटेड (जेडीआइपीएल) पुणे के बीच कृषि यंत्रीकरण एवं उन्नत कृषि तकनीकों के क्षेत्र में सहयोग को बढ़ावा देने के लिए एक महत्वपूर्ण समझौता संपन्न हुआ है।



समझौते के दौरान कुलसचिव एवं अन्य • पीआरओ

इस समझौते पर जान डियर इंडिया प्राइवेट लिमिटेड की ओर से सुपरवाइजर आलोक रंजन और विश्वविद्यालय की ओर से अनुसंधान निदेशक डा. राजबीर गर्ग ने हस्ताक्षर किए। कुलसचिव डा. पवन कुमार ने बताया कि इस समझौते से कृषि अनुसंधान, यंत्रीकरण और प्रायोगिक खेती को नई दिशा मिलेगी। हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के विज्ञानियों और विद्यार्थियों को अत्याधुनिक कृषि मशीनों के प्रदर्शन और परीक्षण के अवसर प्राप्त होंगे। अनुसंधान निदेशक डा. राजबीर गर्ग ने बताया कि इस समझौते के तहत जान डियर इंडिया प्राइवेट लिमिटेड विश्वविद्यालय के रामधन सिंह बीज फार्म में विभिन्न कृषि कार्यों जैसे हैरोइंग, कल्टीवेशन, प्लैंकिंग, मेड़ निर्माण आदि का परीक्षण करेगी।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अजीत समाचार | 14-6-26 | 05 | 7-8 |




समझौते के दौरान कुलसचिव एवं अन्य।

## हकृवि और जॉन डियर इंडिया के बीच हुआ समझौता

हिसार, 13 जून (विरेन्द्र वर्मा): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय और जॉन डियर इंडिया प्राइवेट लिमिटेड (जेडीआईपीएल) पुणे के बीच कृषि यंत्रीकरण एवं उन्नत कृषि तकनीकों के क्षेत्र में सहयोग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण समझौता हुआ है। इसमें जॉन डियर इंडिया प्राइवेट लिमिटेड की तरफ से सुपरवाइजर आलोक रंजन तथा विश्वविद्यालय की ओर से अनुसंधान निदेशक डॉक्ट राजबीर गर्ग ने हस्ताक्षर किए। कुलसचिव डॉ. पवन कुमार ने बताया कि इस समझौते से कृषि अनुसंधान, यंत्रीकरण तथा प्रायोगिक खेती को नई दिशा मिलेगी। विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों एवं विद्यार्थियों को अत्याधुनिक कृषि मशीनों के प्रदर्शन एवं परीक्षण के अवसर प्राप्त होंगे। यह पहल कृषि क्षेत्र में नवाचार एवं तकनीकी विकास को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगी। अनुसंधान निदेशक डॉ राजबीर गर्ग ने बताया कि इस समझौते के तहत जॉन डियर इंडिया प्राइवेट लिमिटेड विश्वविद्यालय के रामधन सिंह बीज फार्म में विभिन्न कृषि कार्यों जैसे हैरोइंग, कल्टीवेशन, प्लैंकिंग, मेड़ निर्माण तथा अन्य कृषि संचालन परीक्षण आधार पर संपन्न करेगी। कंपनी इन कार्यों के लिए ट्रैक्टर एवं आवश्यक बैकअप ट्रैक्टर निःशुल्क उपलब्ध कराएगी तथा उनके रखरखाव, मरम्मत, बीमा एवं अन्य तकनीकी आवश्यकताओं की जिम्मेदारी भी वहन करेगी। समझौते के अनुसार विश्वविद्यालय द्वारा कृषि कार्यों हेतु आवश्यक ईंधन उपलब्ध कराया जाएगा, जबकि कंपनी ट्रैक्टर चालकों, स्पेयर पार्ट्स तथा तकनीकी सहायता की व्यवस्था करेगी। इस अवसर पर मानव संसाधन प्रबंधन निदेशक डॉ. रमेश यादव, मीडिया एडवाइजर डॉ. संदीप आर्य, डॉ. योगेश जिंदल व कंपनी के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| पंजाब केसरी | 14-6-26 | 04 | 7-8 |

## हकृवि और जॉन डियर इंडिया के बीच हुआ समझौता



*समझौते के दौरान कुलसचिव एवं अन्य*

हिसार, 13 जून (ब्यूरो): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय और जॉन डियर इंडिया प्राइवेट लिमिटेड (जेडीआईपीएल) पुणे के बीच कृषि यंत्रीकरण एवं उन्नत कृषि तकनीकों के क्षेत्र में सहयोग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण समझौता हुआ है। इसमें जॉन डियर इंडिया प्राइवेट लिमिटेड की तरफ से सुपरवाइजर आलोक रंजन तथा विश्वविद्यालय की ओर से अनुसंधान निदेशक डॉ राजबीर गर्ग ने हस्ताक्षर किए।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| हरि-भूमि | 14-6-26 | 11 | 01 |

## एचएयू व जॉन डियर इंडिया के बीच हुआ समझौता

हिसार। हरियाणा कृषि विवि और जॉन डियर इंडिया प्राइवेट लिमिटेड (जेडीआईपीएल) पुणे के बीच कृषि यंत्रीकरण एवं उन्नत कृषि तकनीकों के क्षेत्र में सहयोग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण समझौता हुआ है। इसमें जॉन डियर इंडिया प्राइवेट लिमिटेड की तरफ से सुपरवाइजर आलोक रंजन तथा विश्वविद्यालय की ओर से अनुसंधान निदेशक डॉ. राजबीर गर्ग ने हस्ताक्षर किए। कुलसचिव डॉ. पवन कुमार ने बताया कि इस समझौते से कृषि अनुसंधान, यंत्रीकरण तथा प्रायोगिक खेती को नई दिशा मिलेगी।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अमर उजाला | 14-6-26 | 04 | 5-6 |

# एचएयू और जॉन डियर इंडिया के बीच कृषि यंत्रीकरण के लिए हुआ समझौता

हिसार। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय (एचएयू) और जॉन डियर इंडिया प्राइवेट लिमिटेड (जेडीआईपीएल), पुणे के बीच कृषि यंत्रीकरण एवं उन्नत कृषि तकनीकों के क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने के उद्देश्य से महत्वपूर्ण समझौता हुआ है। इस समझौते पर जॉन डियर इंडिया की ओर से सुपरवाइजर आलोक रंजन तथा विश्वविद्यालय की ओर से अनुसंधान निदेशक डॉ. राजबीर गर्ग ने हस्ताक्षर किए।

कुलसचिव डॉ. पवन कुमार ने बताया कि इस समझौते से कृषि अनुसंधान, यंत्रीकरण और प्रायोगिक खेती को नई दिशा मिलेगी। यह पहल कृषि क्षेत्र में नवाचार और तकनीकी विकास को गति देने में अहम साबित होगी। अनुसंधान निदेशक डॉ. राजबीर गर्ग ने बताया कि समझौते के तहत जॉन डियर इंडिया विश्वविद्यालय के रामधन सिंह बीज फार्म में हैरोइंग, कल्टीवेशन, प्लैंकिंग, मेड़ निर्माण सहित विभिन्न कृषि कार्य परीक्षण आधार पर करेगी।

समझौते के अनुसार कृषि कार्यों के लिए ईंधन विश्वविद्यालय उपलब्ध कराएगा, जबकि कंपनी ट्रैक्टर चालक, स्पेयर पार्ट्स और तकनीकी सहायता प्रदान करेगी। विश्वविद्यालय ट्रैक्टरों एवं कृषि यंत्रों के लिए पार्किंग, कार्यशाला और भंडारण की सुविधा उपलब्ध कराएगा। इस अवसर पर मानव संसाधन प्रबंधन निदेशक डॉ. रमेश यादव, मीडिया एडवाइजर डॉ. संदीप मौजूद रहे। ब्यूरो

जाट कॉलेज में क्षेत्रीय विज्ञान कार्यशाला का शुभारंभ